Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Athawale Shri Ramdas

>

Title : Need to ensure the sum allocated under special component plans for the benefit of SCs/STs is not spent on any other items of work.

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : महोदय, देश में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और इसमें भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोग, जिनकी संख्या लगभग 50 प्रतिशत है, उनको ऊपर उठाने के लिए उनकी जनसंख्या के मुताबिक स्पेशल कम्पोनेंट प्लान, एस0सी0पी0 के अंतर्गत जो धनराशि आबंटित की जाये, उसको किन्हीं दूसरे कार्यों पर व्यय न किए जाने के लिए संविधान में संशोधन किया जाना चाहिए। इसकी आवश्यकता इसलिए है क्योंकि र्वा 1976 में तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व0 श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने अनु0जा0 के लिए एस0सी0पी0 तथा अनु0ज0जा0 के लिए टी0एस0पी0 जरूर बनाया, किंतु वह बंधककारक न होने की वजह से सफल नहीं हो पाया है। इसलिए संविधान में संशोधन करके अनु0जा0/ज0जा0 की जनसंख्या के मुताबिक धन आबंटित करके गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों को ऊपर उठाया जाये।